# कार्यालय नगर निगम, उदयपुर

## टाउनहॉल लिंक रोड़, उदयपुर ( राज. ) 313001

दूरभाष सं. 0294.2421255, 2420013 Helpline no. 0294.2426262 वेबसाइट-www.mcudaipur.org.com

क्रंमाक:-69-क/55/2021-22 दिनांक:-9.9.2022

## आपत्ति आंमत्रण

प्रशासन शहरों के संग अभियान 2021 के अन्तर्गत निम्नांकित आवेदनकर्ताओं द्वारा 69- क एक्ट के अन्तर्गत पट्टा प्राप्त करे हेतु आवेदन प्राप्त हुए है। इस हेतु सर्व साधारण से आपत्ति आमंत्रित की जाती है कि उक्त आवेदन के विरूद्ध कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रकाशन तिथि से 7 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, अवधि पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

| क्र. सं | फाईल संख्या | आवेदन का नाम | पता | पड़ोस | क्षैत्रफल ( वर्गफिट ) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5152 | श्री राजेश चावला पिता श्री जवाहरलाल चावला | 19-जे, शक्तिनगर, उदयपुर | पूर्व-मकान नं.14 -जे<br>पश्चिम- रोड़ 19 फीट<br>उत्तर- मकान नं. 20-जे<br>दक्षिण- मकान नं. 18-जे | 1980 वर्गफीट |
| 2 | 5101 | श्रीमती कलावती जैन पत्नि स्व. श्री मुकेशचन्द्र जैन | 21, न्यु कॉलोनी सविना, उदयपुर | पूर्व- मोहनलाल जी का मकान<br>पश्चिम- आम रास्ता<br>उत्तर- ललित जी का मकान<br>दक्षिण- संजय जी का मकान | 2400 वर्गफीट |
| 3 | 5179 | श्री विश्वनाथ प्रधान पिता श्री सुदर्शन प्रधान | 17, कंवरपदा स्कूल मार्ग, खमेसरा का टिम्बा, उदयपुर | पूर्व-रास्ता<br>पश्चिम- रास्ता<br>उत्तर-शान्तीलाल जी का मकान<br>दक्षिण- रास्ता | 541.42 वर्गफीट |
| 4 | 5081 | श्रीमती अनिता दोशी पत्नि श्री कांतिलाल दोशी | 9, श्रीनाथ जी की हवेली, उदयपुर | पूर्व- मकान नं.9<br>पश्चिम- मकान नं.9<br>उत्तर-गली<br>दक्षिण- रोड | 1783.50 वर्गफीट |
| 5 | 5110 | श्रीमती कमला देवी सुयल पत्नि श्री नारू लाल सुयल | 7, कोलीवाड़ा सुरजपोल, उदयपुर | पूर्व- प्रदीप जी का मकान<br>पश्चिम-कमला जी का मकान<br>उत्तर- चौक<br>दक्षिण- योगेश जी का मकान | 601 वर्गफीट |
| 6 | 5113 | श्री हातिम अली देल्हीवाला पिता स्व.श्री सज्जाद हुसैन देल्हीवाला | 7, मण्डी की नाल, उदयपुर | पूर्व- पारस जी का मकान<br>पश्चिम-शब्बीर जी का मकान<br>उत्तर-पारस जी का मकान<br>दक्षिण- रास्ता | 250.31 वर्गफीट |
| 7 | 5172 | श्री रमेश शर्मा पिता स्व.श्री शंकर लाल शर्मा | 12, शर्मा कॉलोनी आर.एम.वी. रोड़, उदयपुर | पूर्व- गली<br>पश्चिम-रोड 30 फीट<br>उत्तर-अजय जी का मकान<br>दक्षिण-गली | 390 वर्गफीट |
| 8 | 5071 | श्री अर्जुन पालीवाल पिता श्री रविशंकर पालीवाल | पीपल चौक हनुमान मन्दिर के सामने पुलां, उदयपुर | पूर्व-आम रास्ता<br>पश्चिम-आम रास्ता<br>उत्तर-अर्जुन जी का मकान<br>दक्षिण-रोड 30 फीट | 323.12 वर्गफीट |
| 9 | 5033 | श्रीमति जैबुन निशा पत्नि श्री अब्दुल मजिद | 593, चमनपुरा हाथीपोल, उदयपुर | पूर्व-रोड़ 10 फीट<br>पश्चिम-रोड 8 फीट<br>उत्तर-लौहार का मकान<br>दक्षिण- सरदार जी का मकान | 318.7 वर्गफीट |
| 10 | 5020 | श्री सुमति लाल जैन पिता श्री पन्ना लाल जैन | 24, न्यु सदरी कॉलोनी, कालाजी गोराजी, उदयपुर | पूर्व-रोड 25 फीट<br>पश्चिम-कन्हैयालाल जी का मकान<br>उत्तर-रोड 25 फीट<br>दक्षिण-भोपाल जी का मकान | 408.54 वर्गफीट |
| 11 | 5175 | श्री जगदीश लाल तेली पिता स्व.श्री मोती लाल तेली | 7, राधेश्याम जी की गली, ब्रम्हपोल अन्दर, उदयपुर | पूर्व-रोड<br>पश्चिम- रास्ता<br>उत्तर-मोहन जी का मकान<br>दक्षिण-गणेश जी का मकान | 1531.58 वर्गफीट |
| 12 | 5158 | श्रीमती निर्मला अग्रवाल पत्नि श्री नरेन्द्र कुमार अग्रवाल, प्रकाश चन्द्र अग्रवाल पिता श्री दीपलाल अग्रवाल | 4, गोवर्धन विलास, उदयपुर | पूर्व-रोड़ 15 फीट<br>पश्चिम-अन्य भूमि<br>उत्तर-नाथुसिंह जी का मकान<br>दक्षिण-कैलाश जी का मकान | 6825 वर्गफीट |
| 13 | 3899 | श्री गिरधारीलाल आर्य पिता श्री रामनारायण लाल आर्य | 274, हिरणमगरी से.14, उदयपुर | पूर्व-रोड 30 फीट<br>पश्चिम-रोड 80 फीट<br>उत्तर-रोड 10 फीट<br>दक्षिण-रोड 16 फीट | 3079 वर्गफीट |
| 14 | 4749 | श्री कृष्ण वत्सल पण्ड्या पिता स्व. श्री विश्व वत्सल पण्ड्या | खेमण घाटी, भट्टियानी चौहट्टा, उदयपुर | पूर्व-चौक<br>पश्चिम-हिम्मत सिंह का मकान<br>उत्तर-पंकज जी का मकान<br>दक्षिण-खावा नागदा का मकान | 709.2 वर्गफीट |
| 15 | 4669 | श्री संजय कुमार व्यास पिता श्री कमला शंकर व्यास | 43, छोटी ब्रम्हपुरी, उदयपुर | पूर्व-नवीन कुमार व्यास का मकान<br>पश्चिम-अम्बालाल जी का मकान<br>उत्तर-आम रास्ता 13 फीट<br>दक्षिण-बृजमोहन जी का मकान | 375 वर्गफीट |
| 16 | 5041 | श्री चन्द्रशेखर कुमावत पिता स्व. श्री भंवरसिंह कुमावत | 73, अशोका सिनेमा के सामने, सुरजपोल, उदयपुर | पूर्व-रमेश जी का मकान<br>पश्चिम-आम रास्ता<br>उत्तर-रोड़ 60 फीट<br>दक्षिण-रमेश जी का मकान | 437.5 वर्गफीट |
| 17 | 3255 | श्री यशवीर सिंह मसीह पिता स्व. श्री जगजीवन सिंह मसीह | 4-बी, ताम्ब्रवती मार्ग आयड, उदयपुर | पूर्व-रोहित कुमार मसीह का मकान<br>पश्चिम-अन्य भूमि<br>उत्तर-रास्ता<br>दक्षिण-रोड | 2574 वर्गफीट |
| 18 | 3249 | श्री मनोहरलाल गुर्जर पिता श्री चमनलाल गुर्जर | नई आबादी गोवर्धन विलास, उदयपुर | पूर्व-रोड़ 13 फीट<br>पश्चिम-मिलट्री एरिया<br>उत्तर-मियाराम गुर्जर का मकान<br>दक्षिण-भगवान लाल गुर्जर का मकान | 1763.16 वर्गफीट |
| 19 | 5141 | श्रीमती बेगम बाई पत्नि श्री ताज मोहम्मद | 54, सिलावटवाडी, उदयपुर | पूर्व-रोड़<br>पश्चिम-ईकबाल जी का मकान<br>उत्तर-रोड<br>दक्षिण-नसीम जी का मकान | 1463.29 वर्गफीट |
| 20 | 4961 | श्रीमती दयावती माली पत्नि श्री लक्ष्मी लाल माली | 14, भोईवाड़ा, उदयपुर | पूर्व-गली<br>पश्चिम-चौक<br>उत्तर-सुखलाल जी का मकान<br>दक्षिण-गली | 195.39 वर्गफीट |
| 21 | 4969 | श्रीमती धापु बाई तेली पत्नि स्व. श्री शंकर लाल तेली | छगन्नाथ जी की बाडी के सामने, ब्रम्हपोल बाहर, उदयपुर | पूर्व-कमलेश जी का मकान<br>पश्चिम-मिठ्ठालाल जी का मकान<br>उत्तर-कुमारियों का तालाब<br>दक्षिण-रोड | 2052 वर्गफीट |
| 22 | 5043 | श्री चन्द्रशेखर कुमावत पिता स्व. श्री भंवर सिंह कुमावत | 73, अशोका सिनेमा के सामने, सुरजपोल, उदयपुर | पूर्व-देवेन्द्र जीका मकान<br>पश्चिम-आम रास्ता<br>उत्तर-आम रास्ता<br>दक्षिण-रोड 30 फीट | 1377 वर्गफीट |
| 23 | 5151 | श्री नितीन मोहन पालीवाल, चंचल पालीवाल पिता श्री मोहन लाल पालीवाल | 742, ईमलीघाट, पुरोहित जी का खुर्रा, उदयपुर | पूर्व-आम रास्ता<br>पश्चिम-आम रास्ता<br>उत्तर-रास्ता<br>दक्षिण-दुपतसिंह जी का मकान | 1083.34 वर्गफीट |
| 24 | 5176 | श्रीमति सुषमा अग्रवाल पत्नि श्री श्यामसुन्दर अग्रवाल | 1-बी,अग्रसेन नगर, उदयपुर | पूर्व-रोड<br>पश्चिम-रोड 29 फीट<br>उत्तर-रामेश्वरलाल जी का मकान<br>दक्षिण-रोड | 1579.28 वर्गफीट |
| 25 | 5050 | श्री जमनादेवी पत्नि श्री दिनेश सुहालका | 1-सी ब्लॉक से. 14 हवामगरी, उदयपुर | पूर्व-रोड़ 30 फीट<br>पश्चिम-भंवरलाल जी का मकान<br>उत्तर-रोड<br>दक्षिण-मकान न.15 | 3259.26 वर्गफीट |
| 26 | 5051 | श्री राकेश पाण्डेय पिता श्री विभूति नारायण पाण्डेय | 37-बी नायकवाड़ी, कुम्हारवाड़ा, उदयपुर | पूर्व-भंवर जी का मकान<br>पश्चिम-रोड<br>उत्तर-श्याम लाल जी का मकान<br>दक्षिण-उदय लाल जी का मकान | 445 वर्गफीट |
| 27 | 5173 | श्रीमती भंवरीबाई पत्नि श्री भंवरलाल जैन | 75 लक्ष्मीमार्ग, अमल का कांटा, उदयपुर | पूर्व-रोड<br>पश्चिम-कन्हैयालाल जी का मकान<br>उत्तर-मांगी लाल जी का मकान<br>दक्षिण-शंकर लाल जी का मकान | 255 वर्गफीट |
| 28 | 5145 | श्रीमती फरीदा बेगम पत्नि श्री मोहम्मद उस्मान | सुन्दरवास , उदयपुर | पूर्व-गली<br>पश्चिम-रोड 20 फीट<br>उत्तर-मकान न.7<br>दक्षिण-मकान न.5 | 888 वर्गफीट |
| 29 | 5143 | श्री सौरभ पालीवाल पिता श्री राजेन्द्र पालीवाल | 37, पीपलेश्वर महादेव गली, राव का हाटा, उदयपुर | पूर्व-रोड<br>पश्चिम-रोड 10 फीट<br>उत्तर-लालू<br>दक्षिण-राजेन्द्र जी का मकान | 546 वर्गफीट |
| 30 | 5008 | श्रीमती मंजु माली पत्नि श्री उदय लाल माली | 67, माली कॉलोनी, उदयपुर | पूर्व-रोड 20 फीट<br>पश्चिम-रास्ता<br>उत्तर-मकान<br>दक्षिण-मकान न.1 | 1207.60 वर्गफीट |
| 31 | 5114 | श्री तुलसीराम पिता श्री नारायणलाल | ताम्बावती मार्ग, आयड़, उदयपुर | पूर्व-रोड 15 फीट<br>पश्चिम-रास्ता<br>उत्तर-रोड<br>दक्षिण-नाथु जी का मकान | 416.81 वर्गफीट |
| 32 | 5047 | श्री राजेश औदिच्य पिता श्री मदन लाल औदिच्य | 5/199, पाण्डुवाडी गड़ियादेवरा, उदयपुर | पूर्व-जगन्नाथ जी मकान<br>पश्चिम-राजेश जी का मकान<br>उत्तर-रास्ता<br>दक्षिण-चौक | 434 वर्गफीट |
| 33 | 5067 | श्री चन्द्रसिंह राजपूत पिता स्व. श्री शिवसिंह राजपूत | 61, ओडपाडा, मुखर्जी चौक, उदयपुर | पूर्व-रोड<br>पश्चिम-रामु जी का मकान<br>उत्तर-डालचन्द्र जी का मकान<br>दक्षिण-सुशीला जी का मकान | 265 वर्गफीट |
| 34 | 5070 | श्री मदनमोहन औदिच्य पिता श्री छगनलाल औदिच्य | 16, पिपलेश्वर महादेव गली गंगा निवास, नाईयों की तलाई, उदयपुर | पूर्व-अन्य मकान<br>पश्चिम-चौक<br>उत्तर-रमेश जी का मकान<br>दक्षिण-मनोज जी का मकान | 1168.44 वर्गफीट |
| 35 | 5045 | श्री सुमित पानेरी पिता श्री दिलीप पानेरी | 24 का भाग, सोलंकियों की घाटी, रावजी का हाटा, उदयपुर | पूर्व-गली<br>पश्चिम-प्रदीप जी का मकान<br>उत्तर-रोड<br>दक्षिण-गली | 879.75 वर्गफीट |
| 36 | 5034 | श्री भेरूलाल बन्दवाल पिता श्री नारायणलाल | 14, भुपालपुरा मठ, उदयपुर | पूर्व-अन्य मकान<br>पश्चिम-रोड 20 फीट<br>उत्तर-मुरारी जी का मकान<br>दक्षिण-चन्द्र प्रकाश जी का मकान | 444.06 वर्गफीट |
| 37 | 5112 | श्री हरिशचन्द्र सनाढ्य पिता श्री रामचन्द्र सनाढ्य | 254, बडी माहेश्वरीयों की सेहरी, उदयपुर | पूर्व-सम्राट जी का मकान<br>पश्चिम-बसन्ती लाल जी का मकान<br>उत्तर-रोड<br>दक्षिण-गली | 532 वर्गफीट |
| 38 | 5042 | श्री चन्द्रशेखर कुमावत पिता स्व. श्री भंवर सिंह कुमावत | 73, अशोका सिनेमा के सामने, सुरजपोल, उदयपुर | पूर्व-रमेश जी का मकान<br>पश्चिम-युधिष्ठर जी का मकान<br>उत्तर-आम रास्ता<br>दक्षिण-रोड़ 30 फीट | 405.72 वर्गफीट |
| 39 | 5095 | श्री मोहम्मद हुसैन अफगान पिता श्री अलाउद्दीन | सिलावटवाडी, उदयपुर | पूर्व-अहमद जी का मकान<br>पश्चिम-रास्ता<br>उत्तर-रोड़<br>दक्षिण-अब्दुल जी का मकान | 241.58 वर्गफीट |
| 40 | 5094 | श्री मोहम्मद हुसैन अफगान पिता श्री अलाउद्दीन | 20/3 सिलावटवाडी, उदयपुर | पूर्व-अहमद जी का मकान<br>पश्चिम-पंचायती बाड़ा<br>उत्तर-रोड़<br>दक्षिण-पंचायती बाड़ा | 1813.98 वर्गफीट |
| 41 | 5037 | श्रीमती रूकैया बेगम पत्नि श्री जमील मोहम्मद पठान | 24 कल्लेसात | पूर्व-उसमान जी का मकान<br>पश्चिम-रास्ता<br>उत्तर-फकीर जी का मकान<br>दक्षिण- रास्ता | 372 वर्गफीट |
| 42 | 5015 | श्री जितेन्द्र कुमावत पिता श्री हेमराज कुमावत | राव जी का हाटा, पासवान जी की गली, उदयपुर | पूर्व-केसरीमल जी का मकान<br>पश्चिम-विनोद जी का मकान<br>उत्तर-केसरीमल जी का मकान<br>दक्षिण-रोड 20 फीट | 650.20 वर्गफीट |
| 43 | 5170 | श्री भंवरलाल रावत पिता स्व. श्री रामलाल रावत, श्रीमती रतनी बाई पत्नि श्री भंवरलाल रावत | रावतपुरा आयड़, उदयपुर | पूर्व-हेमसिंह जी का मकान<br>पश्चिम-भंवरलाल जी का मकान<br>उत्तर-रोड 16 फीट<br>दक्षिण-भगवती लाल जी का मकान | 293.25 वर्गफीट |
| 44 | 5002 | श्री शब्बीर हुसैन पिता स्व. श्री सैफुद्दीन | कुराबड वालों की बाडी, चेतक मार्ग, उदयपुर | पूर्व-अहमद जी का मकान<br>पश्चिम-सैफुद्दीन जी का मकान<br>उत्तर-रोड़ 12 फीट<br>दक्षिण-रोड 12 फीट | 1072 वर्गफीट |
| 45 | 5001 | श्री दीपक पण्ड्या पिता स्व. श्री जगन्नाथ पण्ड्या | 45, सुथारों की घाटी भट्टियानी चौहट्टा, उदयपुर | पूर्व-सीता भवन<br>पश्चिम-हाडा भवन<br>उत्तर-रोड़ 10 फीट<br>दक्षिण-सुमेर सिंह जी का मकान | 1655.90 वर्गफीट |
| 46 | 5003 | श्री लक्ष्मीलाल सोनी पिता श्री बंशीलाल सोनी | 52, नानीगली कंवरपदा स्कूल के पास , उदयपुर | पूर्व-गली 2 फीट<br>पश्चिम-चौक<br>उत्तर-सीता जी का मकान<br>दक्षिण-हरकावत जी का मकान | 872.750 वर्गफीट |
| 47 | 5036 | श्रीमती यमुनादेवी पत्नि स्व.श्री परशराम | 481, दांता भैरू कुम्हारवाड़ा उदयपुर | पूर्व-हीरालाल जी का मकान<br>पश्चिम-हेमन्त जी का मकान<br>उत्तर-चौक<br>दक्षिण-जगदीश जी का मकान | 322.40 वर्गफीट |
| 48 | 5328 | श्री शान्तिलाल पिता चमन लाल खटीक | 186, गोवर्धन विलास, सरकारी स्कूल के पास, उदयपुर | पूर्व-गली 2 फीट की<br>पश्चिम-रोड 30 फीट<br>उत्तर-गली 4 फीट की<br>दक्षिण-गेहरी लाल जी का मकान | 1692.0 वर्गफीट |
| 49 | 5391 | नाथूलाल सनाढ्य पिता चम्पालाल | 29, लक्ष्मीमार्ग, अमल का कांटा, उदयपुर | पूर्व-डालीचन्द जी का मकान<br>पश्चिम-रोड<br>उत्तर-जगदीश जी का मकान<br>दक्षिण-नगर निगम सेक्टर ओफीस | 493.12 वर्गफीट |

**हिम्मत सिंह बारहठ**
**आयुक्त, नगर निगम, उदयपुर**

## सार-समाचार

### चोरी के जेवरात खरीदने के मामले में एक गिरफ्तार

**देवगढ़, (निसं)।** देवगढ़ थाना पुलिस ने लसानी से सुने मकान मे हुई चोरी के मामले में चोरों से चोरी का माल खरीदने के मामले में एक खरीददार टीकम पिता खेमा गवारिया को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया की 15 अगस्त को लसानी निवासी प्रार्थी सुरेश प्रजापत पिता कैलाजी प्रजापत ने देवगढ़ थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि 13 अगस्त को उसकी पत्नी प्रमिला देवी और पुत्रवधू सोनिया गुजरात से वापस लसानी अपने घर आए तो वहां मकान का सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था अलमारी पलंग पेटी आधी खुली पड़ी थी और मकान का वेंटिलेशन टूटा हुआ था। पीड़ित पक्ष द्वारा पूरे घर की सार संभाल करने पर पता लगा कि घर से अलमारी में रखेसोने के तीन बाजुबन्द वजनी 120 ग्राम सोने का नेकलेस वजनी ढाई तोला, ने की मरकिया वजनी एक तोला, सोने की अंगुठी वजनी एक तोला सोने का बोर वजनी 5 तोला सोने की चुड़िया वजनी एक तोला सोने की बालिया वजनी आधा तोला, सोने की दो चैन वजनी दो तोला, मादलिया 3 व 6 मोती सोने के वजनी कुल 1 तोला, एक मंगल सूत्र का सोने का पेंडल वजनी आधा तोला सोने के लुंग कान के दो जोड़ी वजनी 4 ग्राम,चांदी का कन्दौरा वजनी आधा किलो दो जोड़ी पाईजेब चांदी के वजनी 400 ग्राम एक जोड़ी सेलकड़ा चांदी का वजनी 300 ग्राम दो जोड़ी बच्चा का पाइजेब 110 ठााम वजनीचांदी के दो चांदी के सिक्का जो सभी जेवर अलमारी के अन्दर रखे हुए थे जो सभी जेवरात नहीं मिले।

### एटीएम चोरी का प्रयास करने वाला पकड़ा

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के सवीना थाना पुलिस ने एटीएम तोड कर चुराने का असफल प्रयास करने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपर विजन में सवीना थानाधिकारी रविन्द्र चारण के नेतृत्व में हेडकांस्टेबल विनेश कुमार मय टीम ने एटीएम तोड़ चोरी का प्रयास करने के मामले में दर्ज प्रकरण संख्या271/22 के आरोपियों की शक्ल से मिलते जुलते दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ में वारदात स्वीकार करने पर आरोपियों ने अपना नम साहदिल मन्सुरी उर्फ अजनान उर्फ अदबु पुत्र मोहम्मद शरीफ निवासी खांजीपीर उत्तर मस्जिद की गली, हसनेन पुत्र हमीद माहम्मद निवासी भोपालगढ़ गार्डन माला थान कराई भीलवाड़ा हॉल किशनपोल कच्ची बस्ती किराए के मकान में मे रहना बताया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### विश्वकर्मा पूजन दिवस मनाया

**डूंगरपुर, (निसं)।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा डूंगरपुर के द्वारा विश्वकर्मा पूजन का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जगदीश जांगिड ने बताया कि जांगिड समाज पूरे भारत में भगवान विश्वकर्मा के वंशज वास्तुकार व शिल्पकार हैं। यही वजह है कि सभी इंजीनियर और तकनीकी क्षेत्र से जुडे लोग विश्वकर्मा को अपना भगवान मानते हैं और हर साल इस दिन अपने औजारों और अस्त्रों की पूजा करते हैं व समाज के सभी सदस्यों को अपने विचार प्रकट किए कार्यक्रम में सदस्य रामस्वरूप बोदूराम, जगदीश, सुंडाराम सुखपाल, सीताराम, सावरमल, ललित, मनोज ताराचंद, राकेश मुकेश, दीपचंद, मूलचंद, बजरंग उपस्थित रहे। इसी तरह विश्वकर्मा पूजन के अवसर पर सुथार समाज के अध्यक्ष पुरषोत्तम सुथार के नेतृत्व में भगवान श्री विश्वकर्मा व औजार की पूजा आरती की गई।

### जागरूकता कृषक गोष्ठियों का आयोजन

**भीम, (निसं)।**कृषि विभाग द्वारा पंचायत समिति भीम में ठााम पंचायत अजीतगढ्र, समेलिया, सारोठ में गोवंश में फैली बीमारी लंपी स्किन रोग के प्रबंधन के संबंध में जागरूकता कृषक गोष्ठियों का आयोजन किया गया सहायक कृषि अधिकारी भीम कमलेश यादव ने बताया कि कृषको को रोग के बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गई किसानों को रोग प्रबंध के संबंध में रोगी पशु को स्वस्थ पशुओं से अलग रखने एवं पशु आवास को स्वच्छ एवं साफ सुथरा रखने एवं आवास परिसर में 2-3 प्रतिशत सोडियम हाइपो क्लोराइट या लाल दवा या फिनाइल के घोल का छिड़काव करे पशुपालन विभाग से संबंधित पंचायत के पशुधन सहायक ने मृत पशुओं को वैज्ञानिक तरीके से डिस्पोजल के बारे में बताया एवं रोगी पशु की तुरंत सूचना पशुपालन विभाग को देने के लिए कहा गया इस दौरान कृषि पर्यवेक्षक मीनाक्षी मुकेश विक्रम सिंह आदि मौजूद रहे।

### शिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण किया

**मंडफिया, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र भदेसर के गांव नाहरगढ़ में स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का भदेसर ब्लॉक के सीबीईओ सुनील कुमार सालवी ने एमडीएम का औचक निरीक्षण कर बच्चों के साथ भोजन करके भोजन की गुणवत्ता की जांच की एवं विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था का जायजा लिया। सीबीईओ ने निर्देश दिया कि शिक्षकों के स्थानांतरण होने पर रिक्त हुए पदों पर शिक्षण व्यवस्था को सुचारु रुप से बनाए रखने हेतु अन्य शिक्षकों की पीईईओ क्षेत्र से या अन्य पीईईओ क्षेत्र से योग्यताधारी शिक्षकों को शिक्षण व्यवस्थार्थ के लिए अति शीघ्र अध्यापन कार्य के लिए नियुक्त किये जाए। बच्चों का शिक्षण कार्य रिक्त पदों के कारण प्रभावित नहीं होना चाहिए। प्रधानाचार्य भगवान लाल रेगर ने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने का आश्वासन दिया।

### छात्रों की प्रवेश सूची प्रकाशित

**डूंगरपुर, (निसं)।** श्री भोगीलाल पण्ड्या राजकीय महाविद्यालय, डूंगरपुर में प्रथम वर्ष कला, वाणिज्य, विज्ञान गणित एवं बायों की मेरिट-II एवं वेटिंग-II में आये विद्यार्थियों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.आर.बी.कुमार ने बताया कि प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यार्थी 23 तक अपने मूल दस्तावेजों का सत्यापन करवाये एवं ई-मित्र पर फिस जमा करवाने की अन्तिम तिथि 24 सितम्बर है। उन्होंने बताया कि प्रवेशित विद्यार्थियों की सूचि 28 सितम्बर को प्रकाशित की जायेगी।

# दंपती की निर्मम हत्या का पर्दाफाश, आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** जिले के चौरासी थाना पुलिस ने बेडसा फला रामसोर में हुए ब्लाइंड दोहरे हत्याकांड का खुलासा करने में सफलता हासिल की है। ब्लाइंड मर्डर के मास्टर माइंड मृतक के भाई को चौरासी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है वहीं मृतक के भतीजे बाल अपचारी को डिटेन किया जिन्होंने हत्या की वारदात को अंजाम दिया था।

चौरासी थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया कि 15 सितम्बर को बेडसा फला रामसोर में रामा पिता कमजी भगोरा व उसकी पत्नी की लाश उसके घर में पडी होने की सूचना मिली थी जिस पर वृत्ताधिकारी रामेश्वरलाल चौरासी थानाधिकारी भेमजी गरासिया मय जाब्ता मौके पर पहुंचे जहां रामा पिता कमजी भगोरा एवं उसकी पत्नी आशा की धारदार हथियार से हत्या करने से लहलुहाम हालात में शव पडे मिले। मौके पर थावरा पिता कमजी ने रिपोर्ट दी कि अज्ञात बदमाशों ने उसके भाई व भाभी की धारदार हथियार से हत्या कर दी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक राशि डोगरा डूडी भी मौके पर पहुंची एवं मौका मुआयना कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही उदयपुर से डॉग स्क्वायड टीम एवं बांसवाडा से



चौरासी पुलिस ने दम्पती की हत्या का आरोपी गिरफ्तार किया।

एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक सबूत जुटाए गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना स्तर पर अलग.अलग टीमों का गठन कर अज्ञात आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। टीम के अथक प्रयास से एवं मुखबिर की सूचना पर मृतक के भाई मणिलाल भगोरा एवं बाल अपचारी भतीजे को डिटेन कर थाने लाकर मनोवैज्ञानिक तरीके से गहनता से पूछताछ की गई तो बाल अपचारी व आरोपी मणिलाल ने मृतक रामा भगोरा व उसकी पत्नी आशा भगोरा की निर्मम हत्या करना स्वीकार किया जिस पर नियमानुसार बाल अपचारी को डिटेन किया गया एवं आरोपी मणिलाल भगोरा को गिरफ्तार कर प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि हत्या का मुख्य कारण मृतक रामा भगोरा व अभियुक्त मणिलाल दोनों का तुलसी पत्नी स्वण् बाबू भगोरा के साथ अवैध संबंध था जिस पर अभियुक्त मणिलाल ने रामा को रास्ते से हटाने के लिए उक्त हत्या की वारदात को अंजाम दिया। घटना के दिन अभियुक्त मणिलाल व बाल अपचारी दोनों अपने खेत में बैठकर देसी शराब महुआ पीकर आपस में बातचीत कर रहे थे उसी समय अभियुक्त मणिलाल ने बाल अपचारी को बताया कि उसकी मां के साथ बडे भाई रामा भगोरा के बीच 2 साल से अवैध संबंध चल रहे है जिस पर दोनों ने मिलकर रामा भगोरा की हत्या करने की साजिश रची। हत्या के मास्टरमाइंड मणिलाल भगोरा द्वारा बाल अपचारी को उकसाने पर बाल अपचारी अपने घर से नंगी तलवार लेकर मणिलाल के पास वापस खेत में आया जहां से दोनों रात करीब 11 बजे रामा भगोरा के घर पहुंचे जहां पर रामा भगोरा और उसकी पत्नी आशा भगोरा दोनों एक ही चारपाई पर सोए हुए थे जिस पर मणिलाल के कहने पर बाल अपचारी ने नंगी तलवार से रामा भगोरा व आशा भगोरा के सिर व गले पर ताबडतोड वार कर दोनों की निर्मम हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि अभियुक्त मणिलाल व बाल अपचारी दोनों ने मिलकर उक्त हत्या की वारदात को अंजाम दिया है।

### नकदी चुराने वाले दो गिरफ्तार

**उदयपुर,(कासं)।** ओगणा कस्बे में स्थित दुकान से खरीददारी करने के दौरान नकदी चुराने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। समीजा हॉल ओगणा निवासी रेशनलाल पुत्र टेकचंद पटेल ने पुलिस थाने मेंप्रकरण दर्ज करवाया कि 3 सितंबर को मेरी पत्नी दुकान पर अकेली थी दोपहर में आए दो बदमाशों ने खरीददारी कर दो हजार रूपये का नोट दिया। इस दौरान गल्ले में रखे 24 हजार रूपये देखने के बाद दोनों ने अन्य सामान खरीदने के बहाने मेरी पत्नी को विचलित कर आरोपी नकदी लेकर फरार हो गए। ओगणा थानाधिकारी श्रवण जोशी के नेतृत्व में गठित दल ने शिवाजी नगर फालना वार्ड दो फालना पाली निवासी जगदीश पुत्र कालु बावरी, तारानगर मानसरोवर रेड़ थाना पश्चिम पलनपुर गुजरत हॉल शिवाजी नगर फालना वार्ड दो फालना पाली निवसी चंदन पुत्र रतन डाबी को गिरफ्तार कर रिमाण्ड पर लिया।

## समिति प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम आयोजित

**नाथद्वारा/राजसमंद, (निसं)।** शिक्षित भारत स्वस्थ्य भारत समर्थ भारत संभाग राजस्थान द्वारा समिति प्रशिक्षण वर्ग द्वारा कार्यक्रम शनिवार को माहेश्वरी सेवा सदन में आयाजित हुआ। जिसमें संभाग अभियान प्रमुख प्रताप चंदबोदर द्वारा उद्घाटन रस्म निभाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सभापति डूंगरपुर व उदयपुर संभाग के प्रमुख उद्योगपति केके गुप्ता तथा विशिष्ठ अतिथि गोपाल अग्रवाल, सुमन धीर, कमलकान्त, गीता मूंदडा, अतुल शाह, गोपाल काबरा, संजय साहू व ओमप्रकाश रहे।



समिति प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम को पूर्व सभापति के.के. गुप्ता ने संबोधित कियाा।

गुप्ता ने कहा कि देश को विश्व गुरु बनाने में हमने कभी सोचा ही नहीं होगा कि जब तक यह धरती मां पवित्र नहीं होगी तब तक यह देश विश्व गुरु की श्रेणी में नहीं आ सकता। जिस धरती को हम धरती मां कहकर गर्व महसूस करते हैं उस धरती को गंदा करने का अधिकार धरती पर रहने वाले किसी व्यक्ति का नहीं है। आज भी अमूमन देखने में आता है कि लोग बड़ी-बड़ी पार्टियां में या किसी भी स्टाल पर खड़े होते हैं या कोई भी वैपर का पैकेट लेकर जाते हैं तो कहीं भी खाली पेपर के पैकेट को डाल देते हैं। गंदगी फैलाते हैं सरकार और सफाई कर्मचारियों के लिए परेशानी खड़ी करते हैं तथा बड़े प्रेम से कहते हैं कि यह काम हमारा नहीं है यह वास्तव में अगर यह काम किसी का है तो जनता का है और जनता को ही इसे करना पड़ेगा। तब जाकर हमारा शहर गांव ढाणी स्वच्छ रह सकता है।मुख्य अतिथि गुप्ता ने कहा कि देश बदल रहा है देश आगे बढ़ रहा है। क्या इस देश को आगे बढ़ाने में हमने अपनी सहभागिता निभाई? आज देश के अंदर स्वच्छ भारत मिशन तीव्र गति से चल रहा है परंतु उसमें हमारा सहयोग किया है। यह बहुत बड़ी आवश्यकता है इस बात की हमने देखा कि देश के अंदर कुछ अद्भुत शक्ति काम कर रही है।

# पीएम नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर हुए विविध कार्यक्रम

**डूंगरपुर, (निसं)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72 वे जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा नगर मण्डल डूंगरपुर द्वारा बिस्किट एवं फल वितरित किये गए तथा एमआई के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 15 यूनिट रक्तदान हुआ। जिसमे एमआई के हर्षवर्धन जैन ने 53 वीं बार रक्तदान कर आम जन को प्रेरित किया।

नगर महामंत्री नयन सुथार ने बताया कि सुबह 9 बजे न्यू हॉस्पीटल परिसर में भाजपा कार्यकर्ता बडी संख्या में एकत्रित हुए एवं नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद नरेन्द्र मोदी दीर्घायु रहे, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद कर नारो लगाए गए एवं सेवा पखवाडे के तहत नया हॉस्पीटल परिसर में महिला वार्ड, जनरल वार्ड, जननी वार्ड ओर शिशु वार्ड के मरीजों ओर उनके परिजनों को फल ओर बिस्किट वितरित किये। साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना की गई। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु पंडया द्वारा विस्तृत में सेवा पखवाडे के तहत होने वाले कार्यऋमों की जानकारी दी उन्होंने बताया कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाडे के रूप में मनाते हुए फल वितरण पौधारोपण रक्तदान शिविर के तहत रक्तदान जल संरक्षण स्वचछता के कार्य कोविड टीकाकरण करवाना, टीबी मरीजो के सेवा कर रोगी को गोद लेना, स्वास्थ्य शिविर 25 सितम्बर को पंडित दीनदयाल के जन्मदिन के अवसर हर बूथ में दीनदयाल की तस्वीर पर माल्यार्पण कर बूथ वाईस बैठक करना व मोदी को योजनाओं को आमजन तक पहचाना व योजनाओ का लाभ आमजन तक पहचाना 2 अक्टूबर गांधी जयन्ती के अवसर पर खादी के लाभ माल्यार्पण कार्यक्रम ऐसे कई सेवा के कार्य इस सेवा पखवाडे में पार्टी द्वारा किये जायेंगे। कार्यऋम में जिलाध्यक्ष प्रभु पंडया, सभापति अमृत कलासुआ, नगर अध्यक्ष दिलीप जैन, वरिष्ठ नेता गुरुप्रसाद पटेल, पूर्व उपसभापति पूरणमल दावडा, नगर महामंत्री नयन सुथार, अनुराग कटारा, पुष्कर चौबीसा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष राजकुमारी प्रजापत, पूर्व नगर अध्यक्ष सुनील चौबीसा, मांगीलाल प्रजापत, मुकेश नागदा, मणिलाल डामोर, चन्द्रलेखा कलासुआ, दिनेश चौबीसा, नगर उपाध्यक्ष राजू पत्थर वाला, लक्ष्मी जैन, जयेश लोधावरा, नीलेश सोनी, हर्षवर्धन सिंह, नरेन्द्र आर्य, सहित भाजपा कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित थे।

इसी तरह महावीर इंटरनेशनल परिसर में ब्लड बैंक के सहयोग से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन के अवसर पर अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद द्वारा पूरे भारत मे रक्त दिवस के रूप में चलाए जा रहे अभियान में महावीर इंटरनेशनल एवं भारतीय जैन संगठन के संयुक्त तत्वावधान में रक्त दान शिविर आयोजित किया गया जिसमें 15 यूनिट रक्तदान किया।

### युवक ने की आत्महत्या

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के फतसागर झील में कूद कर युवक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सवेरे फतहसागर पाल महल के समीप से अज्ञात व्यक्ति ने पानी में कूद कर आत्म हत्या कर ली। इसकी सूचना मिलने पर एसआई रामनारायण, एएसआई भेरूसिंह ने मौके पर पहुंच कर सिविल डिफेंस एवं एसडीआर एफ की टीम ने चार घंटे के मशक्कत के बाद मृतक को बाहर निकाल उसकी शिनाख्त गिगलाणा अलवर निवसी गजेन्द्र (32) पुत्र राजस्वरूपसिंह के रूप में शिनाख्त कर उसकी लाश को एमबी चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया है। परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम होगा। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि परिवारीक कलह के चलते गजेन्द्रसिंह द्वारा आत्महत्या करने की जानकारी सामने आई है।

## नागफणी की पदयात्रा आज

**डूंगरपुर, (निसं)।** श्रीनागदा युवा मण्डल के तत्वावधान में अतिशय क्षेत्र श्री नागफणी पार्श्वनाथ भगवान की 27 वीं पद यात्रा रविवार प्रातः 3 बजे तहसील चौराहे से प्रारंभ होगी। नागदा नवयुवक मण्डल के मुकेश नागदा ने बताया कि पद यात्रा तहसील चौराहे से प्रातः 3 बजे से प्रारंभ होगी। इससे पूर्व देवदर्शन किये जायेगे। इसके पश्चात रास्ते में पद यात्रियो के लिए रोशनी की व्यवस्था महेन्द्र कुमार हमीरचंद राह में अल्पहार के लिए विवेक जैन द्वारा तथा करोली में दिलीप जैन के बाद कनबा में नागदा समाज द्वारा व्यवस्था की जायेगी।

प्रारूप-10

(नियम-6(7) देखिए)

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर पालिका, नाथद्वारा**

सं./न.पा.नाथ/90क/22/13867 — **लोक - सूचना** — दिनांक:15/07/2022

श्री ख्यालीलाल मीणा पिता श्री नाथुलाल मीणा निवासी नाथुवास, नाथद्वारा ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | नाथुवास | 1545/582,1545/583 | 0.0126 हैक्टेयर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक .... को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त
नगर पालिका , नाथद्वारा

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

**भारतीय स्टेट बैंक**
**शाखा- गढ़ा जसराजपुरा, जिला-डूंगरपुर (राज.)**

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट-IV नियम 8(I) देखें

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, **भारतीय स्टेट बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा **13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 3** के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधकर्ता) **मैसर्स श्री शिव मोटर्स जरिए प्रोपराइटर श्री गोपाल माली पुत्र श्री रघुनाथ माली एवं श्री दिनेश चंद्र माली पुत्र श्री रघुनाथ माली एवं श्री दया लाल पाटीदार पुत्र श्री नाग जी पाटीदार (जमानती) खाता सं. 61170674312** को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र दिनांकित **02/07/2022 को रूपये 6,58,251/- (छ: लाख अठावन हजार दो सौ इक्यावन रुपये मात्र) दिनांक 29/06/2022** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्च/लागत सूचना-पत्र में उल्लेखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती)के वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणग्रहिता को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य **दिनांक 13 माह सितम्बर वर्ष 2022** को ग्रहण कर लिया हैं। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्ता) को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार **रूपयें 6,72,452/- दिनांक 13.09.2022** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्चे/लागत के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अध्यधीन होगा।

*स्थावर सम्पत्ति का विवरण*

**श्री दिनेश चंद्र माली पुत्र श्री रघुनाथ माली** की आवासीय सम्पत्ति जो कि **खसरा नंबर 2580, 2581 और 2582, ग्राम-गढ़ा जसराजपुर, गलियाकोट से सागवाड़ा रोड, तहसील-गलियाकोट, जिला-डूंगरपुर राजस्थान 314035** में स्थित है। जिसमें भूमि, भवन ढाचा आदि सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। **जिसकी माप लगभग 126'x20'=2520 वर्ग फीट है।**

| चतुः सीमाएें: | |
|---|---|
| **पूर्व में :** खाटिया का प्लॉट, भारती का प्लॉट | **पश्चिम में :** विक्रेता प्लॉट, देवी लाल भोई की दुकान |
| **उत्तर में :** गलियाकोट से सागवारा रोड | **दक्षिण में :** विक्रेता प्लॉट (तसनीम पत्नी मर्तजा) |

**दिनांक : 13/09/2022**
**स्थान : गढ़ा जसराजपुर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**भारतीय स्टेट बैंक**

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

**भारतीय स्टेट बैंक**
**शाखा- परतापुर गढ़ी, जिला-बांसवाड़ा, (राज.)**

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट-IV नियम 8(I) देखें

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, **भारतीय स्टेट बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा **13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 3** के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधकर्ता) **मैसर्स पाटीदार ब्रिक्स जरिए प्रोपराइटर श्री दया लाल पाटीदार पुत्र श्री भीम जी पाटीदार, खाता सं. 61217546948** को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र दिनांकित **08/07/2022 को रूपये 17,66,130/- (सत्रह लाख छियासठ हजार एक सौ तीस रुपये मात्र) दिनांक 06/07/2022** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्च/लागत सूचना-पत्र में उल्लेखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती)के वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणग्रहिता को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य **दिनांक 13 माह सितम्बर वर्ष 2022** को ग्रहण कर लिया हैं। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्ता) को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार **रूपयें 12,96,733/- दिनांक 13.09.2022** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्चे/लागत के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अध्यधीन होगा।

*स्थावर सम्पत्ति का विवरण*

**श्री दया लाल पाटीदार पुत्र श्री भीम जी पाटीदार** की आवासीय सम्पत्ति जो कि **खसरा नंबर 65, नया खसरा नं. 80, 176, 189 और सर्वे नं. 401, 778, 2271 और 706/1, कुल रकबा 60.00 हेक्टेयर ग्राम-खेरवाड़ा, पोस्ट-बेलोदा, तहसील-गढ़ी, जिला-बांसवाड़ा राजस्थान 327022** में स्थित है। जिसमें भूमि, भवन ढाचा आदि सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। **जिसकी माप लगभग 800.00 वर्ग मीटर है।**

| चतुः सीमाएें: | |
|---|---|
| **पूर्व में :** खेत | **पश्चिम में :** खेत |
| **उत्तर में :** खेत | **दक्षिण में :** रोड़ |

**दिनांक : 13/09/2022**
**स्थान : परतापुरा गढ़ी**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**भारतीय स्टेट बैंक**

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

**भारतीय स्टेट बैंक**
**शाखा - सांवरिया जी मंडपिया, जिला-चित्तौड़गढ़, (राज.)**

**आधिपत्य सूचना** परिशिष्ट-IV नियम 8(I) देखें

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता, **भारतीय स्टेट बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा **13(12) और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 का सपठित नियम 3** के तहत् प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधकर्ता) **श्री मुकेश अग्रवाल पुत्र श्री जगदीश अग्रवाल** को मांगनी करते हुए, मांग सूचना पत्र दिनांकित **29/12/2021 को रूपये 12,13,652/- (बारह लाख तेरह हजार छ: सौ बावन रुपये मात्र) दिनांक 24/12/2021** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्च/लागत सूचना-पत्र में उल्लेखित राशि को 60 दिनों के भीतर उक्त सूचना-पत्र की दिनांक/प्राप्ति दिनांक से लौटाने के लिये निर्गमित किया। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती)के वह राशि लौटाने में विफल होने पर, ऋणग्रहिता को एतद् द्वारा सूचना-पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 की धारा के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अन्तर्गत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में, एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का आधिपत्य **दिनांक 13 माह सितम्बर वर्ष 2022** को ग्रहण कर लिया हैं। ऋणग्रहिता (ऋणी/जमानती/बंधककर्ता) को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा संपति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपति के साथ कोई व्यवहार **रूपयें 25,79,167/- दिनांक 13.09.2022** तक व आगे का ब्याज एवं आकस्मिक खर्चे/लागत के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अध्यधीन होगा।

*स्थावर सम्पत्ति का विवरण*

**श्री मुकेश अग्रवाल पुत्र श्री जगदीश अग्रवाल** की आवासीय सम्पत्ति जो कि **ग्राम- नांगवाली, तहसील- डूंगला, जिला-चित्तौड़गढ़ राजस्थान** में स्थित है। जिसमें भूमि, भवन ढाचा आदि सभी सम्पत्ति के अभिन्न अंग है। **जिसकी माप लगभग 4842 वर्ग फीट है।**

| चतुः सीमाएें: | |
|---|---|
| **पूर्व में :** रोडी लाल जी | **पश्चिम में :** अराजी नंबर 1153/1 |
| **उत्तर में :** कृषि भूमि | **दक्षिण में :** रोड |

**दिनांक : 13.09.2022**
**स्थान : डूंगला, चित्तौड़गढ़**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**भारतीय स्टेट बैंक**

# फर्जी मालिक बनकर जमीनों को बेचने वाले गिरोह का खुलासा

**राजसमंद, (निसं)।** शहर सहित मुख्यालय के आस-पास बेशकीमती जमीनों के फर्जी मालिक बनकर बचने वाले भू-माफियाओं का पर्दाफाश करते हुए राजनगर थाना पुलिस ने गिरोह के सरगना सहित एक अन्य साथ ही गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने वर्ष 2016 में जवाद स्थित एक बेशकीमती जमीन को फर्जी मालिक बनाकर रजिस्ट्री कर बेच दिया गया। थानाधिकारी डॉ. हनवंतसिंह राजपुरोहित ने बताया कि जावद स्थित बेशकीमती को फर्जी मालिक व दस्तावेज तैयार कर धोखाधडी व षडयंत्र पूर्वक बेचने के आरोप में पुलिस ने मनोज पुरी उर्फ बंटी (41) पुत्र यशवंत पुरी गोस्वामी निवासी गणेश नगर जावद, व प्रदीप (38) पुत्र भंवरलाल पालीवाल निवासी जावद को गिरफ्तार किया है।



पुलिस ने बेशकीमती जमीन को फर्जी तरीके से बेचने के आरोप में दो जने गिरफ्तार किये।

थानाधिकारी डॉ. राजपुरोहित ने बताया कि 16 सितम्बर 2०17 को प्रार्थी सुंदरलाल (75) पुत्र हरीराम पालीवाल एवं भंवरलाल (6०) पुत्र हरीराम पालीवाल निवासी जावद हाल अहमदाबाद द्वारा न्यायालय में मनोज पुत्र यशवंत पुरी गोस्वामी, प्रदीप पुत्र भंवरलाल पालीवाल निवासी जावद, शंभूलाल पुत्र भंवरलाल गुर्जर, नारायण पुत्र भंवरलाल गुर्जर निवासी लेवा का छापर कानादेव का गुडा एवं एक अज्ञात महिला के खिलाफ धोखाधडी पूर्वक उनकी स्वर्गीय माता हगामी बाई की जावद स्थित बेशकीमती जमीन को फर्जी मालिक बनाकर बेचे जाने का इस्तगाशा न्यायालय से राजनगर थाना पुलिस को प्राप्त हुआ। प्रार्थियों सुंदरलाल पालीवाल व भंवरलाल पालीवाल की माता हंगामी बाई की मृत्य वर्ष 2008 में हो गई थी। मनोज पुरी और प्रदीप पालीवाल भी जावद के रहने वाले होने से उन्हें हंगामी बाई की मृत्य और प्रार्थियों के परिवार व सम्पत्ति आदि के बारे में जानकारी थी। साथ ही उन्हें यह भी पता था की पूरा परिवार बाहर रहता है।

पीडित बाहर रहने के कारण उनकी माता की मृत्य पर जमीनों का नामांकरण उनके नाम नहीं खुला। इस पर दोनों आरोपियों ने षडयंत्र पूर्वक स्वर्गीय हंगामी बाई के नाम जावद में दर्ज बेशकीमती जमीन को हडपने की नियत से योजना बनाकर हंगामी बाई के स्थान पर किसी अन्य महिला को जमीन का फर्जी मालिक बनाकर उसके फर्जी दस्तावेज तैयार कर 8 जनवरी 2016 को उप पंजीयन राजसमंद में विक्रय पंजिकरण करवा दिया। पुलिस ने न्यायालय से प्राप्त ईस्गाशे पर मामला दर्ज कर छानबीन प्रारंभ कर दी। जांच में आरोपी मनोज पुरी उर्फ बंटी (41) पुत्र यशवंत पुरी गोस्वामी निवासी गणेश नगर जावद, व प्रदीप उर्फ पपी (38) पुत्र भंवरलाल पालीवाल निवासी जावद के खिलाफ भादसं धारा 42०, 465, 467, 468, 471, 12० बी के तहत प्रकरण दर्ज पाए गए।

### बाल यौन शोषण पर आधारित फिल्म का विमोचन

**भीम, (निसं)।** उपखंड क्षेत्र के बल्ली जसाखेड़ा ग्राम पंचायत अंतर्गत करकरा निवासी बॉलीवुड अभिनेता भरत कुमार भोगरात ने बताया कि महिलाओं व बच्चो की सुरक्षा के लिए कार्य करने वाले बाड़मेर के संस्थान खुल के बोलो सेवा संस्थान के बैनर तले संस्थान टाइटल फिल्म का शुभारंभ बाड़मेर के सफेद अकड़े के पीछे ब्रज धाम में किया गया।इस फिल्म का कॉन्सेप्ट बच्चो को गुड टच व बेड टच के बारे में समझाना है। इस फ़िल्म में मुख्य भूमिका नागपुर से बाल कलाकार आदित्य भगत व सुनेहरी भांगी निभा रहे है।तथा बॉलीवुड अभिनेता भरत कुमार भोगरात मुख्य भूमिका में दिखेंगे।

इस फिल्म में आप टीवी सीरियल हपु की अल्टन पल्टन में कार्य करने वाले अभिनेता निखिल जैसवाल को भी देखेंगे व अन्य कलाकार आशीष पाठक, रोकी व्यास, जानवी सोनी, ओम देव, सुखराज प्रजापत को भी आप इस फिल्म में देख पाएंगे, इस फिल्म के डायरेक्टर एमजी गुप्ता, प्रोड्यूसर अभिषेक पंवार, विश्वास पंवार, डीओपी कमलेश माली, रामकिशोर जी माली है।

**राजस्थान सरकार**

**कार्यालय राजस्थान मेडिकेयर रीलिफ सोसायटी**

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटड़ा, ब्लॉक -कोटडा ( उदयपुर )**

क्रमांक / निविदा/128 — दिनांक : 16/09/2022

**निविदा- सुचना**

कार्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटड़ा, ब्लॉक कोटड़ा, जिला उदयपुर (राज.) में इस कार्यालय के अधीन डिलीवरी पोईंट चिकित्सा संस्थान पर सफाई व्यवस्था हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत सेवा प्रदाता एजेन्सी से उक्त कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र दिनांक 17.09.2022 से 22.09.2022 को 4.00 बजे तक बेची जायेगी तथा दिनांक 23.09.2022 को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जाकर निविदा दिनांक 23.09.2022 को ही 02.00 बजे गठित कमेटी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी:-

| क्र सं. | कार्य का नाम | संस्थान का नाम | अवधि | अनुमानित लागत ( रूपये में ) | धरोहर राशि ( रूपये में ) | निविदा शुल्क ( रूपये में ) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सफाई व्यवस्था (सफाई कर्मचारी मय सफाई सामग्री) | सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटड़ा | 1 वर्ष | 360000/- | 7200/- | 400/-रूपया |

शर्ते :-

1. धरोहर राशि "डी.डी" द्वारा "राजस्थान मेडिकेयर रीलिफ सोसायटी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटडा" के नाम से कोटडा में देय होगी।
2. निविदायें निहित प्रारुप में प्रस्तुत की जावेगी जिन्हें इस कार्यालय से नकद भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा शर्ते कार्यालय में उपलब्ध है जिन्हें निविदादाता किसी भी कार्य दिवस समय में उपस्थित होकर देख सकता है।
4. समिति न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा यह किसी भी निविदा या निविदा के किसी भाग को बिना कोई कारण बताये रद्द कर सकता है।
5. दरें संस्थान हेतु देना अनिवार्य होगा।

सचिव
राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी
एवं वरिष्ठ चिकित्सा प्रभारी, कोटडा ब्लॉक कोटडा, उदयपुर

